# मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0

तृतीय तल,अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ

ई मेल–lkomdm@gmail.com

फोन नं0–0522–2308502, 2307094 Website : www.upmdm.org


पत्रांकः म0भो0प्रा0 / सा0 / C-2453 / 2019–20 दिनांक : 05-12-19

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उ0प्र0।

**विषयः जनपद स्तर पर रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता आयोजित कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा आहूत AWP&B 2019–20 की बैठक में **रसोइया प्रतियोगिता** आयोजित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं, जिसके मुख्य उद्देश्य निम्नवत् हैं:–

1. योजनान्तर्गत कार्यरत रसोइयों को पुरूस्कृत कर उनका प्रोत्साहन तथा उत्साहवर्धन किया जाना।
2. सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना।
3. छात्रों को प्रतियोगिता का "जज" बनाकर उनको भी प्रेरित करना।
4. भोजन को अति पौष्टिक एवं स्वादिष्ट बनाने हेतु शाकभाजी का उपयुक्त उपयोग तथा पकाने की विधि की समझ का आकलन किया जाना।

**रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता हेतु कार्य योजनाः–**

प्रत्येक जनपद में 30 ऐसे रसोइयों को, जो विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना तैयार कर रही हैं, को चयनित कर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस कार्य हेतु जनपद स्तर पर विद्यालयों में कार्यरत इच्छुक रसोइयों के नाम तथा सहमति पत्र विकास खण्ड स्तर पर एकत्रित कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये जायेंगे। जनपद स्तर पर स्क्रीनिंग कर 30 रसोइयों को प्रतियोगिता हेतु चयनित किया जायेगा। यथा सम्भव प्रत्येक विकास खण्ड से बराबर संख्या में रसोइयों द्वारा प्रतिभाग सुनिश्चित कराया जायेगा। प्रतियोगिता का मेन्यू ऑन द स्पाट लाटरी द्वारा तय किया जायेगा। मेन्यू में स्थानीय स्तर पर ग्रहण किये जाने वाले भोजन को सम्मिलित किया जाये, जिनमें स्थानीय स्तर पर सुगमता से प्राप्त होने वाले अनाज, दाल / दलहन, मौसमी सब्जियॉ व अन्य पौष्टिक भोज्य पदार्थों का समावेश हो।

**स्क्रीनिंग प्रक्रियाः–**

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु रसोइयों की स्क्रीनिंग हेतु आधार बिन्दु निम्नवत् होगें:–

1. रसोइया को कम से कम 02 वर्षों का योजनान्तर्गत कार्य करने का अनुभव अनिवार्य होगा।
2. रसोइया द्वारा सहमति पत्र दिया जाना होगा। इच्छुक रसोइयों द्वारा ही प्रतिभाग किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

3. रसोइया द्वारा विद्यालय में नियमित रूप से भोजना बनाया जाता रहा हो तथा छुट्टी आदि की संख्या न्यून हो।
4. रसोइया को मध्यान्ह भोजन योजना के मेनू का भली–भांति ज्ञान हो।
5. एन0जी0ओ0 में कार्यरत रसोइया को प्रतिभाग हेतु सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
6. एक प्रतियोगिता में कुल 30 प्रतिभागी ही प्रतिभाग करेंगे, जो पृथक–पृथक विद्यालयों के होंगे।
7. इस प्रक्रिया में यदि 30 से अधिक प्रतिभागियों का नाम किसी कारणवश प्राप्त होता है तो वरिष्ठता (कार्य अवधि) के आधार पर 30 प्रतिभागी रसोइयों का चयन किया जायेगा।

**इच्छुक रसोइयों से प्राप्त आवेदन की स्क्रीनिंग हेतु प्रारूप व समय–सीमा**

इच्छुक रसोइयों से प्राप्त आवेदन का विवरण प्रधानाध्यापक/इंचार्ज अध्यापक द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सत्यापित कर खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रत्येक दशा में दि0: 31 दिसम्बर, 2019 तक उपलब्ध कराया जायेगा। स्क्रीनिंग हेतु प्रारूप संलग्न है। (संलग्नक–01)

**प्रतियोगिता आयोजन एवं निर्णायक समितिः–**

प्रतियोगिता के आयोजन हेतु स्थल का चयन जनपद द्वारा निर्धारित किया जायेगा। उचित होगा कि प्रतियोगिता का आयोजन किसी अवकाश के दिवस किया जाये। निर्णायक समिति का अनुमोदन निम्न में से जिलाधिकारी द्वारा कराया जायेगाः–

1. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी।
2. जिला विद्यालय निरीक्षक।
3. गर्वनमेण्ट गर्ल्स इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य।
4. जनपद में गृह विज्ञान के इण्टर/स्नातक स्तर स्तर के प्रवक्ता/प्रोफेसर।
5. अलग–अलग विद्यालयों के कक्षा 5 से 8 तक के 10 छात्र/छात्रायें।
6. जनपद में किसी प्रतिष्ठित होटल/रेस्तरॉ के चीफ कुक/शेफ।
7. जनपद के एक महिला अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग)।
8. खाद्य सुरक्षा विभाग से एक अधिकारी।

**प्रतियोगिता परिणाम के आधारः–**

| क्र0सं0 | बिन्दु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | पाक–कला | 10 |
| 2 | भोजन का स्वाद | 10 |
| 3 | पौष्टिक तत्व | 10 |
| 4 | भोजन पकाने का तरीका | 10 |
| 5 | स्वच्छता | 03 |
| 6 | सुरक्षा | 10 |
| 7 | सभ्य व्यवहार | 02 |
| 8 | एप्रेन+हैड कवर का प्रयोग | 10 |
| | कुल– | 65 |

**पुरस्कार वितरण**

संबंधित क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों यथा–जनप्रतिनिधि/जिलाधिकारी/समाजसेवक आदि को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाये तथा उनके द्वारा विजेताओं को पुरस्कार का वितरण कराया जाये।

Scanned with CamScanner

**बजट विवरणः—**

रसोइयां पाक—कला प्रतियोगिता हेतु निम्नानुसार पुरस्कार वितरण एवं अन्य व्यय हेतु बजट निर्धारित किया गया हैः—

| क्र0सं0 | मद का नाम | प्रस्तावित धनराशि | अन्य विवरण | कुल प्रस्तावित व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुस्कार | प्रथम विजेता—रू0 3500/—<br>द्वितीय विजेता—रू0 2500/—<br>तृतीय विजेता—रू0 1500/— | पुरस्कार की धनराशि विजेताओं को चेक के माध्यम से प्रदान की जायेगी। | रू0 7500 |
| | | सांत्वना पुरस्कार—रू0 250/— | विजेताओं के अतिरिक्त शेष प्रतिभागियों को नगद प्रदान किया जायेगा। | रू0 250×27<br>=रू0 6,750 |
| 2 | रसोइयों के आवागमन हेतु भत्ता | रू0 250/—प्रति प्रतिभागी | प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतियोगिता स्थल तक आने व जाने हेतु भत्ता जनपद द्वारा नगद प्रदान किया जायेगा। | रू0 250×30<br>=रू0 7,500 |
| 3 | जनपद स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन/व्यवस्था | रू0 30,000/— | इसके अन्तर्गत सर्टिफिकेट, भोजन पकाने हेतु सामग्री गैस—चूल्हा/बर्तन की व्यवस्था, जलपान, बैनर आदि खर्च का वहन किया जायेगा। | रू0 30000 |
| | | | कुल योग (रू0 में) | रू0 51,750.00 |

विवरणानुसार प्रति प्रतियोगिता रू0 51,750/— का व्यय निर्धारित किया गया है। तदनुसार जनपदों को शीघ्र ही धनराशि हस्तान्तरित कर जनपदों को सूचित किया जायेगा।

**प्रतियोगिता आयोजन की आख्या व उपभोग प्रमाण—पत्र**

प्रत्येक जनपद द्वारा प्रतियोगिता आयोजन के उपरान्त एक संक्षिप्त आख्या फोटोग्राफ सहित तैयार कर प्राधिकरण को माह फरवरी, 2020 के अन्त तक अनिवार्यतः उपलब्ध करायी जायेगी। आख्या में प्रतियोगिता आयोजन की तिथि, प्रतिभागियों, विजेताओं, निर्णायक समिति का विवरण अंकित किया जाये।

अतः अपेक्षित है कि उक्त कार्ययोजना के अनुसार जनपद स्तर पर प्रत्येक दशा में दिनांकः 15 फरवरी, 2020 तक रसोईया पाक—कला प्रतियोगिता आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(विजय किरन आनन्द)
निदेशक

Scanned with CamScanner

पृष्ठांकन व दिनांकः उक्तवत्।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0।
4. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

(विजय किरन आनन्द)
निदेशक

Scanned with CamScanner

# जनपद स्तर पर आयोजित रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता

## स्क्रीनिंग हेतु प्रारूप

1. रसोइया का नाम : ......................................................................................
2. विद्यालय का नाम :......................................................................................
3. ब्लाक व जनपद का नाम : ......................................................................................
4. योजनान्तर्गत कार्य करने की अवधि : ................................................................
5. विगत 01 वर्ष में लिये गये अवकाश की संख्या: ..................................................
6. रसोइया का सहमति पत्र संलग्न है अथवा नहीं : ..................................................

उक्त रसोइया विद्यालय स्तर पर कार्यरत है तथा समस्त सूचनाओं की अभिलेखानुसार पुष्टि कर ली गयी है। श्री/श्रीमती ........................................................ को मध्यान्ह भोजन योजना के मेन्यू का भली–भॉति ज्ञान है तथा इनका कार्य व व्यवहार संतोषजनक है।

प्र0अ0/इं0अ0 के हस्ताक्षर

नाम

Scanned with CamScanner

# जनपद स्तर पर आयोजित रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता

## सहमति–पत्र

मैं ..............................................................................., प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय........................................................................................(विद्यालय का नाम), ब्लाक/नगर क्षेत्र का नाम..........................................................., जनपद का नाम ...................................... में विगत ................................ वर्षों से रसोइया के रूप में कार्यरत हूँ।

मैं जनपद स्तर पर आयोजित रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहता/चाहती हूँ।

हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान
नाम

Scanned with CamScanner